C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 101 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 27 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## बदनामी के डर में इंसानियत भूलेः सीता का कुंड महादेव में नवजात के साथ निर्दयता के मामले का पुलिस ने 48 घंटे में खोला राज

### नानी की आंखों के आंसू भी पिघला न सके आरोपी मां-नाना का पत्थर दिल

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ / बिजोलिया**

सीता कुंड जंगल में 20 दिन के नवजात को पत्थरों के नीचे दबाकर मरने के लिए छोड़ने की सनसनीखेज वारदात का थाना पुलिस ने महज 48 घंटे में पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने इस मामले में मासूम की मां और नाना को गिरफ्तार किया है।





जानकारी के अनुसार इंसानियत को झकझोर देने वाली सीता का कुंड की वारदात में 20 दिन के नवजात को उसकी ही मां और नाना ने जंगल में पत्थरों के नीचे दबाकर मरने के लिए छोड़ दिया। सबसे दर्दनाक दृश्य तब सामने आया जब मासूम को मौत के आगोश में जाते देख उसकी नानी फूट-फूटकर रोती रही, बार-बार रोकने की कोशिश करती रही, लेकिन निर्दयी मां और नाना ने उसकी एक न सुनी।

भगवान की दया और पुलिस की तत्परता से वह मासूम अब भी जिंदा है, लेकिन घटना ने पूरे इलाके को हिला दिया है। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है ।

#### नाना ने रचा मासूम की हत्या का षड्यंत्र

पुलिस जांच में सामने आया कि युवती के अवैध संबंधों से गर्भवती होने की बात परिवार को छह माह बाद पता चली। समाज और गांव की बदनामी से बचने के लिए परिजन बूंदी जिले के बंधा का खेड़ा गांव जाकर रहने लगे। 4 सितम्बर को प्रसव पीड़ा होने पर युवती को बूंदी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां कथित पति का फर्जी नाम दर्ज कर उसका प्रसव कराया गया और बच्चे का जन्म हुआ।

लेकिन यह मासूम परिवार के लिए खुशियों का कारण नहीं, बल्कि बोझ बन गया। 23 सितम्बर को युवती, नाना और नानी बस से सीता कुंड महादेव पहुंचे। सुनसान जंगल में नाना ने बच्चे के मुँह में फेविक्विक डालकर पत्थर ठूंस दिया और बड़े पत्थरों के ढेर में दबा दिया।

#### नानी की चीख-पुकार भी न पसीज सकी निर्दय दिल

वारदात के दौरान नानी का कलेजा फट रहा था। वह पति और बेटी को बार-बार रोकती रही, रो-रोकर कहती रही कि मासूम को मत मारो, पर उसकी कोई बात नहीं सुनी गई। निर्दय मां और नाना ने उसे चुप कराते हुए नवजात को मौत के हवाले कर दिया और फिर तीनों वहां से तिलस्वां महादेव की धर्मशाला में जाकर सो गए।

#### जीवटता ने दी मासूम को नई जिंदगी

पत्थरों के नीचे दबा मासूम मौत से जूझ रहा था, लेकिन किस्मत ने उसे नई जिंदगी दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गर्म पत्थरों पर पड़े रहने और मुँह बंद कर देने से नवजात को गंभीर संक्रमण हो गया , शरीर में गर्मी से जल गया, लेकिन डॉक्टरों की देखरेख में उसका उपचार चल रहा है।

#### पुलिस की कड़ी पड़ताल और तेज कार्रवाई

थाना प्रभारी घनश्याम मीणा के निर्देशन में टीम ने अस्पतालों के रिकॉर्ड, मुखबिरों और तकनीकी जानकारी के आधार पर पड़ताल कर मां और नाना तक पहुंच बनाई। वारदात के महज 48 घंटे के भीतर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। अब पुलिस नवजात और मां का डीएनए टेस्ट कराने की तैयारी कर रही है, ताकि कानूनी कार्रवाई पुख्ता हो सके।

#### बच्चे को गोद लेने की होड़

वारदात सामने आने के बाद समाज के कई दंपत्ति अस्पताल भी पहुंचे और मासूम को गोद लेने की इच्छा जताई। लोग इस बच्चे को भगवान की देन मानते हुए कहते हैं कि शायद उसी ने इस मासूम की रक्षा की है।

#### नाना और मां का अपनी ही संतान को मिटाने का दुस्साहस -

यह घटना केवल एक परिवार की निर्दयता नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए आईना है। बदनामी के डर से नाना और मां ने अपनी ही संतान को मिटाने का दुस्साहस किया, जबकि नानी अपने आंसुओं में इंसानियत को जगाने की कोशिश करती रही।

## बूंदी में ट्रेन से गिरा पाक युवक, बोला आतंकियों से 10 लाख लेकर योगी को मारने आया था





**भीलवाड़ा फोकस @ बूंदी।**

केशवरायपाटन क्षेत्र में ट्रेन से गिरकर घायल हुआ एक पाकिस्तानी युवक जब इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा तो उसके बयान ने पुलिस के होश उड़ा दिए। उसने दावा किया कि वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हत्या करने भारत आया है और इसके लिए उसे पाकिस्तान के एक आतंकी संगठन से 10 लाख रुपए मिले थे। हालांकि पूछताछ के दौरान वह बार-बार अपने बयान बदलता रहा, जिससे उसका रहस्य और गहराता जा रहा है।

युवक की पहचान पाकिस्तान के पंजाब सिंध प्रांत के अलमसा गांव निवासी इरफान के रूप में हुई। वह नेपाल की सीमा से अवैध रूप से भारत में घुसा था। पुलिस को उससे यूरोपियन करेंसी 1920 यूरो, भारतीय मुद्रा 45 हजार रुपए, और अलग-अलग ट्रेनों के 6 टिकट मिले।

गुरुवार दोपहर को दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर ट्रेन से गिरकर घायल हुआ इरफान खुद ही केशवरायपाटन अस्पताल पहुंचा। यहां पुलिस ने पूछताछ की तो उसके व्यवहार और बयान संदिग्ध लगे। थानाधिकारी हंसराज मीणा ने बताया कि युवक लगातार अपना बयान बदल रहा था। कभी हत्या की साजिश तो कभी रोजगार की तलाश में आने की बात कहता रहा।

इरफान ने कबूल किया कि वह नेपाल की सीमा पर पाकिस्तान से जुड़े सभी दस्तावेज फेंक चुका है। वह बरेली और लखनऊ होते हुए सवाई माधोपुर पहुंचा था और आगे मुम्बई जाने की योजना थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए युवक को शुक्रवार को कोटा में इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) अधिकारियों के हवाले कर दिया गया है। अब सुरक्षा एजेंसियां उससे गहन पूछताछ कर रही हैं।

## खेड़ा बड़ माताजी मंदिर-हजार साल पुरानी आस्था और अनोखी परंपराओं का अद्वितीय केंद्र



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

क्षेत्र के ग्राम बाकरा स्थित खेड़ा बड़ माताजी मंदिर भक्तों की आस्था का प्राचीन तीर्थ है। लगभग एक हजार वर्ष पुरानी मिट्टी की मूर्ति वटवृक्ष की छांव में विराजमान है। मां के इस दरबार में सभी जातियों के भक्त नतमस्तक होते हैं, इसी कारण यह स्थान श्रद्धा और एकता का प्रतीक माना जाता है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में नौ दिनों तक अखंड ज्योत प्रज्वलित रहती है। ग्रामीणों का विश्वास है कि मां की कृपा से गांव हर संकट और महामारी से सुरक्षित रहता है। माना जाता है कि यह ज्योत पूरे क्षेत्र की रक्षा करती है।

मंदिर से भीमपुरा बांध की विशेष परंपरा भी जुड़ी हुई है। जब भीमपुरा बांध भरकर चादर चलाता है, तो उससे पहले उसका पानी मां के चरणों को स्पर्श करता है। तभी चादर आगे बढ़ती है। यह परंपरा मां की शक्ति और आशीर्वाद का प्रतीक मानी जाती है। करीब दो माह पूर्व बारिश के दौरान भक्तों ने मंदिर परिसर और खेतों में अचानक आग की लपटें उठती देखीं। ग्रामीण इसे मां की दिव्य शक्ति का प्रमाण मानते हैं। मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां भाव या चौकी नहीं चढ़ाई जाती। भक्त अपनी मनोकामनाएं अन्न के आकों से पूरी करते हैं। शादी-विवाह, पुत्र प्राप्ति, नौकरी लगना या फसल पकने पर पहला अन्न मां के चरणों में अर्पित करने की परंपरा है। मंदिर परिसर में खड़े सालों पुराने खजुर के पेड़ आज भी इस आस्था की गवाही देते हैं।



मां खेड़ा बड़ का दरबार पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है। भीलवाड़ा, कोटा, बूंदी, अजमेर, झालावाड़, जयपुर ही नहीं, बल्कि मुंबई और सूरत जैसे महानगरों से भी श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं और मां के चरणों में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

## कोठारी नदी में महिला का शव तैरता मिला, परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इनकार

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

(सांवर वैष्णव)। नंदराय क्षेत्र के कोठारी नदी पर बने कोठारी बांध में शुक्रवार सुबह एक महिला का शव पानी में तैरता हुआ मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर कोटड़ी और बिगोद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकालकर शिनाख्त की।





पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान दातड़ा छोटा निवासी प्रेम पुत्री चद्रा रैगर के रूप में हुई। शव कुछ दिन पुराना बताया गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम या कोई कानूनी कार्रवाई करवाने से इनकार कर दिया, क्योंकि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।


घटना की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ बांध पर जमा हो गई। बिगोद थाना एएसआई सत्यनारायण वैष्णव ने बताया कि शव को बाहर निकालकर सभी आवश्यक कार्रवाई की गई।

## महादेव का दर्शन कर लौटते समय सड़क हादसे में एक की मौत, एक गंभीर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

बूंदी क्षेत्र के पराणा गांव से महादेवजी के स्थान पर ढोंग लगाकर घर लौट रहे दो बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार जलिंद्री निवासी पांचू पिता छोटू कराड़ (60 वर्ष) अपने साथी रामपाल पिता बाबूलाल सेन के साथ बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाइवे स्थित कांमा कट के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में पांचूलाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामपाल गंभीर घायल हो गया।मृतक को कस्बा स्थित उप जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। वहीं गंभीर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय रेफर किया गया।हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे गणेश की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वाहन की तलाश जारी है।हादसे की जानकारी पर पूर्व सरपंच विजय तिवारी, जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, कमलेश सेन सहित कई लोग अस्पताल पहुंचे। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।






C M Y K

# बालकिशन शर्मा ने संभाला काछोला थाने का कार्यभार

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



**विक्रम सिंह ।** काछोला भीलवाड़ा जिले में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव द्वारा जारी आदेश के तहत कई थानों में नए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं आदेश के अनुसार काछोला थाना का चार्ज उपनिरीक्षक बालकिशन शर्मा को सौंपा गया है शर्मा पूर्व में शाहपुरा थाने में पदस्थापित थे शुक्रवार को बालकिशन शर्मा ने काछोला थाना पहुंचकर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया पदभार संभालने के बाद उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण किया और पुलिस कर्मियों से परिचय प्राप्त किया इस अवसर पर थाना स्टाफ ने उनका स्वागत किया एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जिले के थानों के प्रभारियों के पुलिस निरीक्षक पर चयन होने से पीसीसी प्रशिक्षण के लिए जाने से पद रिक्त हो गए थे इसी कारण यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। आगामी आदेश तक नए नियुक्त थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा काछोला का कार्यभार संभालेंगे।

काछोला क्षेत्र के लोगों ने नए थाना अधिकारी से कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने और जनसुनवाई में पारदर्शिता की उम्मीद जताई है

# चलती वैन में लगी आग, चालक और परिवार बाल-बाल बचे






भीलवाड़ा फोकस @ माण्डल

ब्यावर-भीलवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग 158 पर जीवलिया टोल नाके के पास शुक्रवार को एक वैन में अचानक आग लग गई। हादसे के समय वैन में चालक सहित उसका परिवार सवार था। एनएच की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और जान जोखिम में डालकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई, हालांकि वैन पूरी तरह जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार आसींद निवासी दीपक पूरी अपनी पत्नी सोनू देवी और पुत्र तोनू पूरी के साथ ईको कार से आसींद से भीलवाड़ा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान चलती कार में अचानक आग लग गई । एनएच के मेंटेनेंस इंचार्ज राहुल पारीक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# जोगणियां माता रोड पर कार ने छीन ली युवक की जान, दर्शन को जा रहे जत्थे में हुआ हादसा

भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं।



मेनाल-जोगणियां माता मार्ग पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दर्शन के लिए पैदल जा रहे श्रद्धालु जत्थे में शामिल एक युवक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।


पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान हरफूल जाट (22) निवासी बरड़ गांव, थाना बनेड़ा के रूप में हुई है। वह अपने परिवार और करीब 25 अन्य ग्रामीणों के साथ पैदल यात्रा कर जोगणियां माता मंदिर जा रहा था। समूह से आगे निकलने के बाद मंदिर से मात्र एक किलोमीटर पहले पीछे से आई कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हरफूल दूर जाकर गिरा और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।


मृतक अविवाहित था और महाराष्ट्र में अपना व्यवसाय करता था। परिवार पर दुखों का पहाड़ इसलिए और भी भारी हो गया क्योंकि कुछ साल पहले उसके बड़े भाई सत्यनारायण जाट की भी महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी थी। पांच भाइयों में से अब दो की असमय मौत ने पूरे परिवार को शोक में डूबो दिया है।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बेगूं उप जिला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। फिलहाल पुलिस वाहन की तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है।

# सालिया गांव में तालाब में डूबने से दो की मौत तेजी को बचाने उतरी टीना भी डूब गई,

भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा ।





थाना क्षेत्र के सालिया गांव में शुक्रवार को तालाब में डूबने से बुआ और भतीजी की मौत हो गई। ग्रामीणों ने उन्हें बाहर तो निकाला लेकिन तब तक दोनों की सांसें थम चुकी थीं। जानकारी के अनुसार तेजी कुमारी गुर्जर अपनी भतीजी टीना के साथ भैंसों को पानी पिलाने गई थी। इसी दौरान तेजी का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरी। उसे बचाने के लिए टीना भी तालाब में कूद पड़ी, लेकिन दोनों डूबने लगीं। आसपास मौजूद लोगों ने ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने तुरंत तालाब में उतरकर दोनों को बाहर निकाला और पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच मौका पर्चा बनाया । फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# सेवा पखवाड़ा में उद्योग व खादी प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की ओर से उद्योग व खादी प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव ने किया। कलेक्टर ने कहा कि यह प्रदर्शनी स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों व स्वयं सहायता समूहों को विपणन का सशक्त मंच देगी।

प्रदर्शनी में खादी उत्पाद, ओडीओपी टेक्सटाइल से जुड़े स्टॉल, बीएसएल, संगम इंडिया, शुभलक्ष्मी सिंटेक्स जैसे उद्योगों के उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे। महिला समूहों के हस्तशिल्प व खाद्य उत्पादों को भी सराहना मिली। बैंक, चिकित्सा विभाग और विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने वाले स्टॉल भी लगाए गए।

# राम नाम ही मोक्षदायक : महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन

## विदेश धर्मयात्रा कर भीलवाड़ा आश्रम लौटे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और राम-नाम जागरण के उद्देश्य से लगभग डेढ़ माह की विदेश धर्मयात्रा कर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन शुक्रवार शाम हरि शेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर भीलवाड़ा लौटे।

मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया की महामंडलेश्वर ने अमेरिका के फिलाडेल्फिया, वाशिंगटन डीसी, बोस्टन, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, मिनियापोलिस सहित विभिन्न नगरों तथा स्पेन के मैड्रिड व अन्य स्थलों पर प्रवचन दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं को राम-नाम जपने का मंत्र प्रदान किया और कहा कि मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति है और वह केवल प्रभु श्रीराम के नाम स्मरण से ही संभव है। यात्रा के दौरान हरीश जया खटवानी, सुरेश काजल खटवानी, राजेश ज्योति खटवानी, इंदु नोतानी, रेणुका आहूजा, कनिका सनी वडेरा, अशोक भंभानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सत्संग से जुड़े। वेद मंदिर न्यू जर्सी, सत्यनारायण मंदिर व प्रेमप्रकाश सनातन मंदिर न्यूयॉर्क सहित विभिन्न स्थानों पर प्रवचनों में स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया। आश्रम लौटने पर भक्तों ने जयकारों और पुष्पवर्षा से उनका स्वागत किया। महामंडलेश्वर ने आह्वान किया कि हर व्यक्ति प्रतिदिन राम-नाम जप को जीवन का हिस्सा बनाए। उन्होंने संदेश दिया सुख चाहो तो सेवा करो, सुख चाहो तो सुमिरन करो।

# नवरात्र में पदयात्रियों के लिए लंगर सेवा, भोजन के साथ मिल रही पैर की मसाज से राहत

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

जसवंत पारीक



नवरात्र पर्व पर क्षेत्र की प्रसिद्ध जोगणिया माता के दरबार में प्रतिदिन हजारों पदयात्री दर्शन करने पहुंच रहे हैं। लंबी दूरी तय कर माता के दरबार आने वाले इन श्रद्धालुओं की सेवा के लिए मार्ग में जगह-जगह लंगर की व्यवस्था की गई है। लंगरों में श्रद्धालुओं को चाय, नाश्ता और भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही विश्राम स्थल और मेडिकल सुविधा भी दी जा रही है, ताकि थके हुए यात्रियों को राह में किसी तरह की परेशानी न हो।

विशेष बात यह है कि सेवा में जुटे ग्रामीण केवल भोजन-पानी ही नहीं, बल्कि यात्रियों के पांवों की सेवा भी कर रहे हैं। थकान और दर्द से जूझ रहे पैदल यात्रियों के पैरों को गर्म पानी से धोकर उन पर तेल और दर्द नाशक क्रीम से मसाज की जा रही है, जिससे उन्हें यात्रा के दौरान काफी राहत मिल रही है।

# किराना व्यापार संघ ने सांसद अग्रवाल का किया अभिनंदन, पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



**मानव तिवाड़ी।** किराना व्यापार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद दामोदर अग्रवाल का स्वागत व अभिनंदन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीएसटी रिफॉर्म के तहत दी गई रियायत के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संघ ने प्रधानमंत्री को आभार पत्र भी प्रेषित किया।

सांसद अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी दरों में की गई कटौती से आमजन को रोजमर्रा की वस्तुओं पर महंगाई से राहत मिलेगी। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए स्वदेशी अपनाओ के आह्वान से लोग स्थानीय व स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए प्रेरित होंगे।

व्यापार संघ ने सांसद से क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति देने के लिए नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की मांग भी रखी।

इस अवसर पर संघ अध्यक्ष पंकज जैन, मंत्री रामकुमार चित्तौड़ा, वरिष्ठ सदस्य मोहन लुधानी, उम्मेदमल जैन, हेमंत जैन, सतीश चित्तौड़ा, हरीश जैन, पदम गोधा, अनाज व्यापारी अमित ठग, शक्ति सिंह कानावत, अभिषेक जैन, प्रशांत जैन, प्रभुलाल धाकड़, धर्मराज गुर्जर, राजेश धाकड़ सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे। वहीं विक्रमपुरा सरपंच प्रतिनिधि मुकेश धाकड़ ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।



## QUICK BITES

### ग्रामीण सेवा शिविर में कलेक्टर संधू ने किया अवलोकन, दिए निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को हुरड़ा क्षेत्र के सेरी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का अवलोकन किया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाना रहा।
कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों को योजनाओं की पूर्ण जानकारी और लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का मकसद ग्रामीण समस्याओं का त्वरित समाधान और सरकारी सेवाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करना है।शिविर के दौरान उपखण्ड अधिकारी दिव्यराज सिंह चुंडावत, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के आचार्य रामदयाल महाराज का अवतरण दिवस मनाया

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**




अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य जगतगुरु स्वामी 1008 श्री रामदयाल जी महाराज के 69वें अवतरण दिवस का आयोजन गढ़बोर चारभुजा में चल रहे चातुर्मास कार्यक्रम के अंतर्गत बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक भंडारी संत जगवल्लभ राम, संत डॉ. रामस्वरूप शास्त्री सोजत, संत नरपत राम उदयपुर, संत गोविंदराम नागौर, संत सेवाराम दलपत, संत मस्तराम खालसा, संत मोहन राम नागौर , जगदीश सोमानी, गोपाल जागेटिया, श्याम ईनाणी , कैलाश तोषनीवाल, नारायण सिंह, राम कल्याण सोमानी, जयशंकर पाराशर, बालू राम सोमानी सहित कई भक्त उपस्थित रहे ।

# जोगणियां माताजी एनिकट में डूबने से युवक की मौत, झुंझुनूं का था निवासी

**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं।**

जोगणियां माताजी शक्ति पीठ के एनिकट पर शुक्रवार सुबह दर्शन करने आए एक युवक की नहाते समय पानी में डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई और तुरंत पुलिस व बचाव दल को सूचना दी गई।
जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान झुंझुनूं जिले की उदयपुरवाटी तहसील के पचलंगी थाना क्षेत्र के जोधपुरा गांव निवासी दिलीप सिंह (25) पुत्र जयसिंह राजपूत के रूप में हुई है। वह अपने रिश्तेदारों के साथ पैदल यात्रा कर जोगणियां माताजी के दर्शन के लिए पहुंचा था। दर्शन से पहले एनिकट में स्नान करते समय अचानक गहरे पानी में चला गया और बाहर नहीं निकल सका।
घटना की जानकारी मिलने पर बेगूं डीएसपी अंजलि सिंह पुलिस जाब्ते




के साथ मौके पर पहुंचीं। वहीं चित्तौड़गढ़ से पहुंची एसडीआरएफ टीम और बेगूं के गोताखोरों ने संयुक्त बचाव अभियान चलाकर युवक को पानी से बाहर निकाला। इस दौरान जोगणियां माता संस्थान के कर्मचारियों ने भी सहयोग किया। युवक को बेगूं उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया गया कि जोगणियां माताजी के पुराने कुंड पर बना यह एनिकट करीब 25 फीट गहरा है। मृतक दिलीप सिंह अपने पिता जयसिंह का इकलौता बेटा था।

# मांडल के धुलखेड़ा में नाहर सिंहगी माता का धाम बना श्रद्धा का केंद्र, नवरात्रि में उमड़ी भक्तों की भीड़

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**

क्षेत्र में धुलखेड़ा की पहाड़ियों पर स्थित नाहर सिंहगी माता का स्थान आस्था और चमत्कारों का प्रमुख केंद्र बन चुका है। नवरात्रि के पावन अवसर पर यहां प्रतिदिन सप्तशती पाठ, भजन संध्या और गवरी नृत्य जैसे धार्मिक आयोजन भक्तों की श्रद्धा को और भी गहरा बना रहे हैं।
राष्ट्रीय हिंदू भोज सेना के अध्यक्ष एवं गो भक्त भाजपा नेता गोपाल गुर्जर ने माता के चमत्कारों का वर्णन करते हुए बताया कि यह स्थल भक्तों के लिए मनोकामनाओं की पूर्ति का स्थान है।



यहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं का तांता लगता है और उनका विश्वास है कि माता की कृपा से शक्ति, भक्ति और आस्था के साथ जीवन की इच्छाएं पूरी होती हैं। स्थानीय पुजारी के अनुसार, नाहर सिंहगी माता की मूर्ति स्वयं भूमि से प्रकट हुई थी। पहाड़ी के नीचे लगभग 300 मीटर की दूरी पर भेरूनाथ का स्थान भी है, जिसे पीढ़ियों से माता के परिवार द्वारा पूजनीय माना जाता रहा है। माना जाता है कि पूर्वजों के शरीर में भेरूजी का प्रवेश इस पावन स्थल की पहचान करवाने वाला चमत्कार था। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह स्थान अनेक अद्भुत घटनाओं और चमत्कारों का साक्षी रहा है। कुछ वर्ष पूर्व जब किसी कंपनी ने पहाड़ी को खंडित करने का प्रयास किया, तब उनका सारा सामान रहस्यमय ढंग से कबाड़ हो गया। इसके बावजूद माता का धाम आज भी सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए खुला है, जो इसकी पवित्रता और चमत्कारिक शक्ति का प्रतीक है।

## चितीवास-कुशायता में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित , ग्रामीणों के सैकड़ो प्रकरणों का हुआ समाधान

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

( दिलखुश ) । उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चितीवास व कुशायता में शुक्रवार को ग्रामीण सेवा शिविरों में सुबह से ही ग्रामीणों की भीड़ रही और दिनभर चले शिविरों में सैकड़ों प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया।
चितीवास पंचायत में नामांतरण 10, खाता दूरस्ती 16, फार्म रजिस्ट्री 15, आपसी सहमति बंटवारा 2, किसान गिरदावरी एप डाउनलोड 98, जाति प्रमाण पत्र 14, मूल निवास 12, पट्टा




वितरण 6, स्वामित्व कार्ड 103, विश्वकर्मा पेंशन 5 और बीपीएल सर्वे 63 कार्य संपन्न हुए। कुशायता पंचायत में नामांतरण 25, सहमति विभाजन 6, किसान गिरदावरी 109, पट्टा वितरण 8, स्वामित्व कार्ड 35 और गरीबी मुक्त सर्वे 47 कार्य किए गए।
शिविर में पहुंचे केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि राजस्थान सरकार की योजनाएं अब सीधे ग्रामीणों तक पहुंच रही हैं। इससे गांवों का चौमुखी विकास संभव हो रहा है और ग्रामीण आत्मनिर्भर बन रहे हैं। कार्यक्रम में उपप्रधान प्रभाकरण सिंह, जिला महामंत्री रायचंद बागड़ी, शिविर प्रभारी डॉ. आस्था शर्मा, सहप्रभारी सावर तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव, विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी देवकरण बैरवा, चितीवास सरपंच लाली देवी गुर्जर, कुशायता सरपंच रसाल देवी खारोल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश, 15 दिन में पिंक टॉयलेट पूरे करने के आदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं और मुख्य निष्पादन संकेतकों की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत नगरीय निकायों में बन रहे पिंक टॉयलेट के कार्य 15 दिन में हर हाल में पूर्ण करने के



निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कामों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।
बैठक में ऊर्जा विभाग की कुसुम योजना, कृषि सिंचाई योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल स्वावलंबन अभियान सहित चिकित्सा और शिक्षा विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई।
इस मौके पर एडीएम शहर प्रतिभा देवठिया, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शाहपुरा में बचत उत्सव अभियान के तहत विधायक ने किया आमजन और व्यापारियों से संवाद

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

जीएसटी सुधारों के लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को शाहपुरा में बचत उत्सव अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक लालाराम बैरवा और नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने व्यापारियों और आम जनता के साथ स्नेहपूर्ण संवाद किया और उन्हें जीएसटी में कमी



तथा प्रदेश की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।
कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष पंकज सुगन्धि, पूर्व नगर उपाध्यक्ष लादुराम खटीक, पूर्व एससी मोर्चा नगर महामंत्री राजेन्द्र खटीक और अन्य पार्षद गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता भी बाजार में आमजन तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में सक्रिय रूप से शामिल हुए।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# संगम यूनिवर्सिटी में महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर आयोजित हुई कार्यशाला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

संगम यूनिवर्सिटी के विधि संकाय में बाल व महिला चेतना समिति और डायरेक्ट एक्शन फॉर वुमन के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में तारा आहलूवालिया, डॉ. रेनुका पामेचा और ममता जेतली ने मुख्य वक्ता के रूप में महिलाओं के अधिकार, बाल विवाह, संपत्ति में भागीदारी, लैंगिक भेदभाव और हिंसा के विविध पहलुओं पर चर्चा की।

कार्यशाला में छात्रों के बीच पोस्टर निर्माण और प्रस्तुतीकरण गतिविधियां भी हुई, जिसमें उन्होंने शारीरिक, मानसिक, यौन और आर्थिक हिंसा सहित समाज में महिलाओं पर हो रहे भेदभाव के मुद्दों को रेखांकित किया। कुलपति डॉ. करुणेश सक्सेना, प्रो वाइस



चांसलर डॉ. मानस रंजन पाणिग्रही और रजिस्ट्रार डॉ. आलोक कुमार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफल रहा। डीन इंचार्ज डॉ. ओमप्रकाश सोमकुंवर समेत संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

# शहरी सेवा शिविर का एडीएम ने किया निरिक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

नगर पालिका परिसर में शुक्रवार को वार्ड 13 व 14 के लिए आयोजित शहरी सेवा शिविर का अतिरिक्त जिला कलक्टर, रामावतार कुमावत ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने प्रत्येक डेस्क पर जाकर कार्य की प्रगति का जायजा लिया और आमजन को हो रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।

शिविर के दौरान जन्म प्रमाण पत्र 16 लोगों को जारी किए गए। इसके अलावा दो सफाई संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें तुरंत निस्तारित कर संबंधित स्थान की सफाई करवाई गई। साथ ही, क्षेत्र की 24 रोड लाइटों की मरम्मत की गई और दो नई रोड लाइटें भी लगाई गईं। इस मौके पर पालिका द्वारा चन्दा कोली पत्नी दीपक कोली की गोद भराई की रस्म भी संपन्न कराई गई।

कार्यक्रम में पार्षद भानू प्रताप सिंह, राजेश सोलंकी, दुर्गालाल कहार, योगेश पारीक, अशोक छीपा, मुकेश मालावत, राजेश खटीक, मोहम्मद ईशाक, पुष्पेन्द्र कोली, भंवर कहार, मुकेश कुम्हार सहित पूर्व उपप्रधान



बजरंग सिंह राणावत और नोडल अधिकारी, कनिष्ठ अभियन्ता, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास तथा अजमेर विद्युत वितरण निगम के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सेवा शिविर में हुआ प्रकरणों का त्वरित निस्तारण

**भीलवाड़ा फोकस @सलावटिया।**

**विकास जैन ।** कस्बे में शुक्रवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ने स्थानीय ग्रामीणों को राहत का अहसास कराया। उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में संपन्न शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया ।

शिविर के दौरान ग्राम की खाता भूमि बंटवारे संबंधी प्रकरण में शकुन्तला यादव पत्नी भवानी शंकर और सुनीता कुमारी पत्नी विनोद शर्मा ने आवेदन प्रस्तुत किए। तहसीलदार ललित डीडवानिया ने दोनों पक्षों की सहमति और दस्तावेजों की जांच के बाद मौके पर ही आदेश पारित कर मामला निपटा दिया। वहीं, इसी अवसर पर ममता पुत्री मोहनलाल धाकड़ निवासी केसरपुरा ने पुश्तैनी मकान का पट्टा दिए जाने की मांग की। उपखंड अधिकारी के निर्देश पर ग्राम विकास अधिकारी ने तुरंत निरीक्षण कर पात्रता के आधार पर पट्टा तैयार कर आवेदिका को सौंप दिया। शिविर के दौरान कुल 5 बटवाड़े प्रकरण, 18 नामांतरण, 10 शुद्धिकरण, 571 गिरदावरी ऐप




अपडेट, 30 मिनी कीट लाभान्वित कृषक, 2 पालनहार और 7 पैंशन सत्यापन जैसे प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया गया।

# शहरी सेवा शिविर से बढ़ा भरोसा, बिजौलिया में पट्टों को लेकर लग रही भीड़

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

कस्बे में चल रहे शहरी सेवा शिविर ने आमजन की उम्मीदों को नई ताकत दी है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विभिन्न आवेदनों का त्वरित निस्तारण होने से लोग संतुष्ट नजर आ रहे हैं। खासकर पट्टों के लिए आवेदकों की भीड़ दिनभर नगर पालिका में जुटी रहती है।

अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है और शीघ्र ही विधायक के हाथों पट्टों का वितरण होगा।

इधर, नगर पालिका ने दशहरा महोत्सव की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। इस बार 51 फीट ऊंचा रावण और 31 फीट के कुम्भकर्ण व मेघनाथ के पुतले बनाए जा रहे हैं। साथ ही, कचरे के स्त्रोत




पृथक्कीकरण की नई व्यवस्था से रिसाइक्लिंग आसान हुई है और बेसहारा पशुओं को हानिकारक प्लास्टिक से बचाव मिल रहा है।

# ऑनलाइन शॉपिंग से फीकी पड़ी बिजौलिया बाजार की रौनक

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**नरेश धाकड़ ।** डिजिटल युग का असर अब बिजौलिया के पारंपरिक बाजारों पर साफ दिखाई दे रहा है। ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन से छोटे व मध्यम व्यापारियों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पहले जहां त्योहारों पर बाजारों में भीड़ उमड़ती थी, वहीं अब दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है। व्यापारियों का कहना है कि कपड़े, जूते, कॉस्मेटिक, मोबाइल एक्सेसरीज़ और घरेलू सामान तक अब लोग ऑनलाइन ही मंगवा रहे हैं। युवाओं और महिलाओं में यह चलन सबसे ज्यादा बढ़ा है। त्योहारों के मौके पर ई-कॉमर्स कंपनियों के बड़े ऑफर्स और कैशबैक से दुकानदारों की बिक्री लगातार घट रही है।

स्थानीय व्यापारियों का मानना है कि बाजार की रौनक वापस लाने के लिए उन्हें भी डिजिटल साधनों और ऑनलाइन बिक्री की ओर बढ़ना होगा। साथ ही उन्होंने सरकार से छोटे व्यापारियों के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की है।



## QUICK BITES

### शारदीय नवरात्रि पर गरबा महोत्सव की धूम

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ**



**महावीर वैष्णव ।** कस्बे में शारदीय नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर गरबा महोत्सव का माहौल देखने लायक है। कस्बे में श्री राधे ग्रुप के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में रात 8 बजे मां दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ गरबा नृत्य आयोजित किया जा रहा है । गरबा नृत्य में डांडिया रास के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल हैं। इस आयोजन में श्री राधे ग्रुप मंडल की महिलाएं और कस्बे की अन्य महिला प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गरबा नृत्य देखने के लिए पुरुष, महिला, बालक और बालिकाओं की भीड़ पहुंच रही है , जिससे कस्बे में उत्सव का माहौल चरम पर है।वहीं, कस्बे के रामदेव मंदिर के पास भी गरबा नृत्य का आयोजन चल रहा है, जहां भी लोगों की उपस्थिति उत्सव की भव्यता को और बढ़ा रही है। नवरात्रि के इस अवसर पर कस्बा भक्तिमय और रंग-बिरंगे उत्सव की रौनक से जगमगाया हुआ है।

### सबलाजी का खेड़ा को नई पंचायत में शामिल करने का विरोध

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के निकटवर्ती सबलाजी का खेड़ा गांव के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गांव को सवाईपुर ग्राम पंचायत में ही बनाए रखने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि पंचायत समिति कोटड़ी के पुनःसीमांकन प्रस्ताव के तहत सबलाजी का खेड़ा नई प्रस्तावित ग्राम पंचायत रेडवास में जोड़ा जाना है, जिसका मुख्यालय रेडवास रखा जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से उनका गांव सवाईपुर के मुख्यालय के अधिक नजदीक है, बाजार और आवागमन की सुविधा भी यहीं बेहतर है। यदि गांव को रेडवास में जोड़ा गया तो रोजमर्रा के कार्यों और चारागाह भूमि के उपयोग में परेशानी होगी।ज्ञापन सौंपने के दौरान सवाईपुर के पूर्व सरपंच महावीर सुवालका, रामलाल दरोगा, भेरू दरोगा, काना गुर्जर, उदय लाल, मूलचंद बैरवा, गोपाल लाल और रामेश्वर लाल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे ।

### जागेश्वर महादेव में 108 पाठकों द्वारा किया जा रहा है रामचरितमानस पाठ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**



शारदीय नवरात्र के अवसर पर श्री फलाहारी जी महाराज की पुण्य स्मृति में जागेश्वर महादेव मंदिर में श्री 108 रामचरितमानस पाठ का आयोजन जारी है। सुबह साढ़े सात बजे 108 पाठक एक साथ नवाह्न पारायण करते हैं और प्रत्येक दोहा-चौपाई पर हवन में आहुतियां दी जाती हैं।

दिन में पंडित ओमप्रकाश वैष्णव कथा का वाचन करते हैं। पाठ की पूर्णाहुति 1 अक्टूबर को होगी। यह कार्यक्रम पिछले 30 वर्षों से कस्बे में परंपरागत रूप से आयोजित हो रहा है और इसे श्रीरामचरितमानस महामंडल के तत्वाधान में संपन्न कराया जा रहा है।

' भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA FOCUS
भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।